प्रेषक,

सुरेश कुमार पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक: 23-11-2022

विषय:- जिला कारागार, मथुरा में निरूद्ध 04 विचाराधीन बंदियों को प्रशासनिक आधार पर अन्यत्र कारागारों पर स्थानांतरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्र संख्या-35324/सामा-1(7)/मथुरा/ए(6)/04 बंदी/2022, दिनांक 07-11-2022 में की गयी संस्तुति के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उत्तर प्रदेश जेल मैनुअल-2022 के प्रस्तर-118 सपठित-385 में निहित प्रावधानों के अनुसार जिला कारागार, मथुरा में निरूद्ध निम्नलिखित 04 विचाराधीन बंदियों को प्रशासनिक आधार पर उनके नाम के सम्मुख कॉलम-4 की कारागारों में स्थानांतरित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है:-

क्र0 सं0	विचाराधीन बंदी का नाम/पिता का नाम	वर्तमान निरूद्धि	कारागार का नाम, जहां स्थानांतरित किया जाना है
1	2	3	4
1	अजयराज पुत्र श्री गिर्राज	जिला कारागार, मथुरा	जिला कारागार, संतकबीर नगर
2	अरविन्द पुत्र श्री जगवीर	जिला कारागार, मथुरा	जिला कारागार, महराजगंज
3	मोनू उर्फ अजय उर्फ सचिन पुत्र श्री ब्रह्मपाल सिंह	जिला कारागार, मथुरा	जिला कारागार, झांसी
4	अमोल उर्फ अनमोल पहलवान पुत्र श्री रणजीत	जिला कारागार, मथुरा	जिला कारागार, सिद्धार्थनगर

2- कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए अनुपालन आख्या शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
सुरेश कुमार पाण्डेय
विशेष सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 राज्यमंत्री जी के सूचनार्थ।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 राज्यमंत्री जी के सूचनार्थ।
3- अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, उ0प्र0, लखनऊ।
4- जिला मजिस्ट्रेट, मथुरा/संतकबीर नगर/महराजगंज/झांसी/सिद्धार्थनगर।
5- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, झांसी/मथुरा/संतकबीर नगर/महराजगंज/सिद्धार्थनगर।
6- अधीक्षक, जिला कारागार, मथुरा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रश्नगत बंदियों को जिला कारागार, मथुरा से सम्बन्धित कारागारों में स्थानांतरित/दाखिल किये जाने की सूचना रेडियोग्राम के माध्यम से शासन को उपलब्ध करायें।
7- वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक, जिला कारागार, झांसी/संतकबीर नगर/महराजगंज/सिद्धार्थनगर।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
सुरेश कुमार पाण्डेय
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in